08 / 04 / 2026 आकाशवाणी भोपाल 7.10 PM

प्रादेशिक समाचार

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज जबलपुर में 18 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

- प्रदेश में कल से शुरू होगा 8वां 'पोषण पखवाड़ा'; बच्चों के दिमागी विकास और सही खान-पान पर रहेगा फोकस।

- ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अगले महीने तक बिजली कंपनियों में नई भर्ती के विज्ञापन जारी करने के दिए निर्देश।
- बड़वानी जिले में महसूस किए गए भूकंप के झटके; रिक्टर पैमाने पर 3.6 रही तीव्रता।

<u>लोकार्पण</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज जबलपुर में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में 13 करोड़ की लागत से बने नए प्रशासनिक भवन सहित कुल 18 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 'कृषि अनुसंधान ट्रैकिंग' ऐप लॉन्च किया और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जैव उर्वरक केंद्रों की सौगात दी। डॉ. यादव ने संकल्प दोहराया कि दलहन, तिलहन और दुग्ध उत्पादनके क्षेत्र में प्रदेश का किसान निरंतर प्रगति कर रहा है ।

<u>खरीफ सीजन- सब्सिडी</u>

केन्द्रीय कैबिनेट ने खरीफ सीजन 2026 के लिए फॉस्फेटिक और पोटेशियम युक्त उर्वरकों पर सब्सिडी दरों को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में आज सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस पर लगभग 41 हजार 534 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से किसानों को रियायती, किफायती और उचित मूल्यों पर उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा। इसके साथ हि सरकार ने जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण में 41 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर को भी स्वीकृति दी।

संघर्ष विराम

भारत ने अमरीका और ईरान के बीच संघर्ष विराम का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में विश्वास व्यक्त किया, इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी और होर्मुज जल-डमरू-मध्य से निर्बाध नौवहन और वैश्विक व्यापार जारी रहेगा। मंत्रालय ने कहा कि भारत ने मौजूदा संघर्ष को जल्द समाप्त करने के लिए निरंतर तनाव कम करने, संवाद और कूटनीति का समर्थन किया है।

अंतरमंत्रालयी प्रेस वार्ता

पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच सरकार ने आज देश भर की खदानों और बिजली संयंत्रों में कोयले का पर्याप्त भंडार होने की पुष्टि की। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर आयोजित अंतरमंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव संजीव कुमार कस्सी ने कहा कि कोयले की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि कोयला क्षेत्र के सक्रिय दृष्टिकोण और समयबद्ध कार्रवाई के कारण पश्चिम एशिया संघर्ष के संकेत मिलने से पहले ही कोयले का पर्याप्त भंडार तैयार कर लिया गया था।

पोषण पखवाड़ा

प्रदेश में कल, 9 अप्रैल से 8वां 'पोषण पखवाड़ा' शुरू हो रहा है। इस बार का मुख्य फोकस 6 साल तक के बच्चों के मस्तिष्क विकास पर है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इंसान के दिमाग का 85 प्रतिशत विकास इसी उम्र में होता है। 23 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान में बच्चों का 'स्क्रीन टाइम' कम करने, खेल-आधारित शिक्षा और स्थानीय पौष्टिक आहार पर जोर दिया जाएगा। आंगनवाड़ी केंद्रों पर दादी-नानी के अनुभव साझा होंगे और पोषण मेले लगेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग की इस पहल का मकसद हर बच्चे को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाना है।

समीक्षा बैठक

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पाँचों बिजली कंपनियों को अगले महीने तक नई भर्ती का विज्ञापन जारी करने के सख्त निर्देश दिए हैं। आज  मंत्रालय में हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वाले सीई और एसई के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।मंत्री तोमर ने इस वित्तीय वर्ष को 'वसूली और उपभोक्ता संतुष्टि वर्ष' के रूप में मनाने का आह्वान किया। उन्होंने

फाल्स बिलिंग सुधारने, ट्रिपिंग रोकने के लिए पायलट प्रोजेक्ट चलाने और सिंहस्थ 2028 से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। अब उपभोक्ताओं की समस्याओं के लिए वितरण केंद्र स्तर पर जनसुनवाई शिविर भी लगाए जाएंगे।

गेहूं खरीदी

प्रदेश में कल, 9 अप्रैल से गेहूं खरीदी का अभियान शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज किसान और स्वयंसेवी संगठनों से वर्चुअल संवाद कर उपार्जन केंद्रों पर सहज और सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गेहूं की कीमत को 2700 रुपये प्रति क्विंटल तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रों पर किसानों के लिए छाया और पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ हेल्प डेस्क भी बनाए गए हैं। पूरी प्रक्रिया की निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय के कंट्रोल रूम से की जाएगी, ताकि अन्नदाताओं को अपनी फसल बेचने में कोई असुविधा न हो।

भूकंप

बड़वानी जिले में आज दोपहर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, दोपहर 12 बजकर 48 मिनट पर आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.6 मापी गई है। इसका केंद्र इंदौर से 145 किलोमीटर दूर बड़वानी जिले में जमीन से 10 किलोमीटर गहराई पर था। अंजड़ क्षेत्र के ग्राम मोहिपुरा में करीब 25 सेकंड तक कंपन महसूस हुआ, जिसके बाद घबराए ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकल आए। फिलहाल किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

महिला आरक्षण विधेयक

लोकतंत्र में एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण कानून में संशोधन की तैयारी तेज हो गई है। इस ऐतिहासिक कदम के जरिए लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाएंगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 अप्रैल को इस विषय पर देश की महिलाओं से सीधा संवाद करेंगे। विधि विशेषज्ञों और समाजसेवियों ने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया है। माना जा रहा है कि इस आरक्षण से राजनीति में आधी आबादी की भागीदारी बढ़ेगी और शिक्षा व सुरक्षा जैसे

मुद्दों को नया आयाम मिलेगा। इस विषय पर हरियाणा से विधायक शक्ति रानी शर्मा ने अपने विचार मीडिया से साझा किये।

## जन विश्वास विधेयक

देश की संसद ने 'न्यूनतम दंड, अधिकतम विश्वास' के सिद्धांत पर चलते हुए 'जन विश्वास प्रावधान संशोधन विधेयक 2026' को पारित कर दिया है। इस ऐतिहासिक सुधार के तहत 23 मंत्रालयों के 79 अधिनियमों में कुल 784 संशोधन किए गए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य व्यापार सुगमता और नागरिकों के जीवन को सरल बनाना है। इस विधेयक के माध्यम से 717 प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है। अब सड़क किनारे काम करने वाले मैकेनिक, छोटे कामगार और MSME क्षेत्र के उद्यमियों को मामूली तकनीकी चूकों के लिए जेल की सजा का सामना नहीं करना पड़ेगा। इन अपराधों को अब केवल नागरिक दंड या जुर्माने के माध्यम से निपटाया जा सकेगा, जिससे व्यापारिक अनुपालन का बोझ कम होगा

## मौसम

प्रदेश के ऊपरी हिस्से में तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव होने से आंधी-बारिश का दौर फिर शुरू हो गया है। मौसम विभाग भोपाल ने आज दतिया, निवाड़ी, छतरपुर और टीकमगढ़ में ओलावृष्टि का अनुमान जताया है। ग्वालियर, भिंड, मुरैना, रीवा समेत 18 जिलों में अगले 24 घंटे में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

## कुछ समाचार संक्षेप में -----

- सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज जिगनहट में अमृत 2.0 के फिल्टर प्लांट ऐनीकट एवं पाइप लाइन बिछाए जाने के कार्य का शुभारंभ किया।
- इन्दौर जिले में राजस्व संबंधी प्रकरणों के त्वरित निराकरण ds fy, राजस्व अभियान की अवधि को 25 अप्रैल तक बढ़ाया गया है।
- शिवपुरी जिले में 13 अप्रैल को ग्राम पंचायत सुरवाया में ग्राम न्यायालय का आयोजन किया जाएगा।

- अक्षय तृतीया के दौरान बाल विवाह की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए आगरमालवा कलेक्टर ने कल बाल विवाह रोकथाम हेतु विशेष दिशा-निर्देश जारी किए है।
- कटनी जिले में नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा बेकरी का औचक निरीक्षण किया गया।

-----------------------------